प्रेस नोट

दिनांक 20.02.2026

Zero Fatality District (ZFD) कार्यक्रम की प्रगति समीक्षा बैठक संपन्न।

आज दिनांक 20.02.2026 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के पर्यवेक्षण में रिजर्व पुलिस लाइन्स, हमीरपुर स्थित सभागार में "Zero Fatality District (ZFD)" कार्यक्रम की प्रगति एवं प्रवर्तन कार्यवाहियों की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद स्तर पर नामित सी०सी० टीम प्रभारी/कर्मचारीगण, संबंधित थाना प्रभारी निरीक्षकगण विशेष रूप से थाना राठ, मौदहा एवं सुमेरपुर के प्रभारी निरीक्षक (SHO), जनपद के समस्त थानों में iRAD/eDAR कार्य देख रहे नामित अधिकारी/कर्मचारी तथा सी०सी० टीम में नामित समस्त अधिकारी/कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान ZFD कार्यक्रम के अंतर्गत चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं क्रिटिकल कॉरिडोर क्षेत्रों में की गई प्रवर्तन कार्यवाहियों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया। सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, उनकी प्रवृत्ति तथा समय-स्थान आधारित आंकड़ों की समीक्षा करते हुए दुर्घटना नियंत्रण हेतु प्रभावी रणनीतियों पर बल दिया गया।

बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट क्षेत्रों में नियमित चेकिंग अभियान, यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन, जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन तथा समन्वित प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर, एआरटीओ हमीरपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में जनपद को "Zero Fatality District" बनाने हेतु समन्वित प्रयास, सतत निगरानी एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई पर विशेष बल दिया गया।